हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 10 अक्टूबर 2025
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 16.2 डिग्री

ऋण अस्वीकृत किया जाता है तो उसका उचित कारण बताने के साथ समाधान के तरीके से कराएं अवगतः कलेक्टर
4



## खबर संक्षेप

### दशहरा उत्सव के लिए मिले 12 लाख रुपए

**जशपुरनगर।** संबंधित विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जिला जशपुर के परम्परागत दशहरा उत्सव 2025 हेतु राशि रूपए 12 लाख (रूपए बारह लाख मात्र) अनुदान राशि जारी किया गया है। इनमें दशहरा उत्सव समिति जशपुर को 700000.00 दशहरा उत्सव समिति आरा 166660.00 दशहरा उत्सव समिति केराडीह 166680.00 दशहरा उत्सव समिति हर्राडीपा 166660.00 मेडिकल एसोसिएशन के द्वारा महिषासुर झांकी का दशहरा उत्सव में प्रदर्शन किया गया है। जनसहयोग से जशपुर गायत्री परिवार के द्वारा शंखनाद का कार्यक्रम किया गया। खनिज व्यवसायियों के द्वारा आपसी सहयोग से शिव गर्जना का कार्यक्रम दशहरा उत्सव में करवाया गया हैं।

### वन बेरियर का जीर्णोद्धार पूर्ण

**जशपुरनगर।** जशपुर वनमण्डल अन्तर्गत परिक्षेत्र में तपकरा में स्थित वन बेरियर का भी जीर्णोद्धार किया गया। जिससे वन अपराध, अवैध वनोपज परिवहन में अंकुश लगाया जा सकेगा। साथ ही गश्ती दल गश्ती के दौरान उक्त बेरियर में विश्राम भी कर सकेंगें।

### परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। जशपुर तहसील अंतर्गत ग्राम गिरांग, निवासी स्व. जोन तिर्की का गड्ढे के पानी में डूबने से 27 सितम्बर 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पिता प्लासिदियुस तिर्की हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## कुनकुरी पुलिस की सतर्कता से मिली सफलता

# गौ तस्करी के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में चल रहे ऑपरेशन अंकुश के तहत जशपुर पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। थाना कुनकुरी पुलिस ने गौ तस्करी के मामले में फरार चल रहे आरोपी इफ्तिखार आलम उम्र 35 वर्ष,निवासी साईं टांगर टोली थाना लोदाम, को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

■ चार गौवंशों को पहले ही छुड़ाया जा चुका था तस्करों के चंगुल से

मामला ग्राम पंडरीपानी थाना कुनकुरी का है। 30 अप्रैल 2025 को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पंडरीपानी कृषि कॉलेज के पास एक टाटा सुमो क्रमांक जेएच 08 ए 8765 में चार नग गौ वंशों को बेरहमी से रस्सी से बांधकर तस्करी की जा रही है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना कुनकुरी पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर चारों गौ वंशों को सकुशल छुड़ाया और वाहन को जब्त कर लिया था।



**गौ वंश तस्करी में संलिप्त किसी को बक्शा नहीं जाएगा:** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि गौ वंशों की तस्करी में संलिप्त किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस लगातार ऐसे अपराधों पर सख्त कार्रवाई कर रही है ताकि जिले में इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाया जा सके।

**वाहन नंबर के आधार पर, टेक्निकल टीम की सक्रियता से हुआ गिरफ्तार:** पुलिस ने वाहन के नंबर के आधार पर तस्करी में शामिल आरोपियों की पहचान कर ली थी, जिनमें से कुछ आरोपी फरार थे। इन्हीं में से एक था इफ्तिखार आलम, जिसकी तलाश पुलिस लगातार कर रही थी। पुलिस की मुखबिर तंत्र और टेक्निकल टीम की सक्रियता के चलते जानकारी मिली कि आरोपी अपने गृहग्राम साईं टांगर टोली में छिपा हुआ है। इस पर थाना कुनकुरी पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए उसे त्वरित कार्रवाई में गिरफ्तार कर लिया।

**एन धाराओं में अपराध हुआ दर्ज:** आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 के तहत अपराध दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

**कार्रवाई में इनकी रही भूमिका:** इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कुनकुरी निरीक्षक राकेश कुमार यादव, प्रधान आरक्षक आदित्य साय, आरक्षक प्रदीप एक्का, दयाराम पोटाई एवं अवधेश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**आरोपी ने स्वीकार किया अपराध, गाड़ी उसी की है:** पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार किया और बताया कि तस्करी में प्रयुक्त टाटा सुमो वाहन उसी की है तथा उसने अपने दो अन्य फरार साथियों के साथ मिलकर गौ तस्करी की योजना बनाई थी। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर अन्य आरोपियों को भी चिन्हित कर लिया है और उनकी तलाश जारी है।

# सचिव के विरुद्ध लामबंद हुए ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर जिले के बगीचा जनपद अंतर्गत मुढ़ी ग्राम पंचायत के ग्रामीण पंचायत सचिव की मनमानी और भ्रष्टाचार से त्रस्त होकर अब खुलकर विरोध पर उतर आए हैं। ग्रामीणों ने सचिव कमलनारायण यादव के विरुद्ध सीएम, कलेक्टर और जिला सीईओ को लिखित शिकायत भेजी है,जिसमें कई अनियमितताओं की जांच व कठोर कार्रवाई की मांग की गई है।



**जिला पंचायत की टीम ने पाया बिना कार्य का आहरण:** शिकायत के आधार पर जिला पंचायत से गठित जांच टीम बुधवार को मुढ़ी गांव पहुंची। जांच के दौरान टीम ने पाया कि गांव में नाली निर्माण कार्य हुआ ही नहीं, जिसमें लगभग तीन लाख रुपये का आहरण किया जा चुका है। टीम ने यह भी खुलासा किया कि सचिव ने अपने पिता के नाम पर वन अधिकार पट्टा जारी करवाया है। इसके अलावा, कई ग्रामीणों को दो माह से राशन नहीं मिलने की बात भी सामने आई।

**ग्रामीणों की लड़ाई के कारण जांच टीम हुई वापस:** जांच के दौरान जब सचिव की कथित गड़बड़ियां उजागर होने लगीं, तो सचिव समर्थक ग्रामीणों और शिकायतकर्ताओं के बीच तनाव की स्थिति बन गई। मौके पर गाली-गलौज और झूमाझटकी तक की नौबत आ गई, जिसके चलते जांच टीम को वहां से लौटना पड़ा।

**ग्रामीणों ने मामले की शिकायत पंडरापाठ चौकी में कराई दर्ज:** इसके बाद ग्रामीणों ने पंडरापाठ चौकी में मामले की शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक सचिव कमलनारायण यादव को निलंबित कर निष्पक्ष जांच नहीं कराई जाती, वे आंदोलन जारी रखेंगे।

## 15 प्रतिभागियों ने सीखा सिलाई व बैग निर्माण

**कांसाबेल।** जीवन झरना विकास संस्था द्वारा जुलाई से सितम्बर तक ग्रामीण क्षेत्र की युवातियों के लिए निःशुल्क सिलाई एवं बैग निर्माण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में 15 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। संस्था ने इन युवतियों का चयन उन वर्गों से किया जो आर्थिक समस्याओं से जूझ रही थीं, प्रेम प्रसंग और लैंगिक अपराध से मुक्त कराई गई थीं तथा आत्मनिर्भर बनने की आवश्यकता महसूस कर रही थीं। तीन माह तक चले इस प्रशिक्षण में सिलाई और बैग बनाने के साथ साथ टमाटर, निम्बू, आंवला, महुआ का अचार, केक, लड्डू, और झुमर बनाने की विधि भी सिखाई गई। इसके साथ ही मानव तस्करी रोकथाम, बाल विवाह रोकथाम और लैंगिक अपराध जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। बच्चों और लड़कियों से जुड़ी सच्ची घटनाओं के उदाहरण देकर प्रतिभागियों को आत्म - सुरक्षा के उपाय बताए गए। समापन अवसर पर जीवन झरना विकास संस्था द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण किए गए और उन्हें अपने सीखे हुए कौशल का उपयोग कर स्वावलम्बी बनने तथा परिवार की आर्थिक मदद करने का सुझाव दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस तीन माह की अवधि में उन्होंने न केवल सिलाई और अन्य कौशल सीखे बल्कि बड़ों का आदर करना, अनुशासन में रहना, सही ढंग से बात करना और किसी के बहकावे में न आना जैसे जीवनोपयोगी ज्ञान भी प्राप्त किया।

# आम नागरिकों और पुलिस के बीच अब होगा सीधा संवाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा ने पुलिस और आम नागरिकों के बीच संवाद को और मजबूत बनाने एक नई तकनीकी पहल की है।

■ आईजी दीपक कुमार झा ने लॉन्च किया क्यूआर कोड

अब सरगुजा रेंज के नागरिक मोबाइल से मात्र एक क्यूआर कोड स्कैन कर सीधे पुलिस को फीडबैक दे सकेंगे या शिकायत दर्ज करा सकेंगे। इस डिजिटल पहल का शुभारंभ पुलिस-ऑर्डिनेशन सेंटर, सरगुजा भवन में किया गया, जिसका उद्देश्य आम जनता और पुलिस के बीच संवाद को पारदर्शी और सरल बनाना है। आईजी दीपक कुमार झा ने बताया कि वर्तमान डिजिटल युग में लगभग हर व्यक्ति मोबाइल फोन का उपयोग करता है। ऐसे में यह क्यूआर कोड आम नागरिकों को त्वरित सहायता और संवाद का सरल माध्यम प्रदान करेगा। इसके माध्यम से शहरी ही नहीं बल्कि दूरस्थ ग्रामीण अंचलों के लोग भी सीधे पुलिस तक अपनी बात पहुंचा सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस माध्यम से प्राप्त सभी फीडबैक और शिकायतों की मॉनिटरिंग वे स्वयं करेंगे, और प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही की जाएगी।

### सभी थानों और सार्वजनिक स्थानों पर उपलब्ध रहेगा क्यूआर कोड

सरगुजा रेंज के सभी जिला मुख्यालयों, थानों, चौकियों और प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में यह क्यूआर कोड लगाया जा रहा है, ताकि नागरिक किसी भी स्थान से इसका उपयोग कर सकें। आईजी झा ने कहा कि यह पहल पुलिस के प्रति जनता के विश्वास को और मजबूत करेगी। इससे पुलिसिंग में पारदर्शिता आएगी और थानों व चौकियों की जवाबदेही भी बढ़ेगी। उन्होंने इसे "जनता और पुलिस के बीच संवाद का सेतु" बताते हुए कहा कि यह माध्यम पुलिसिंग के प्रति जनता की राय और सुझाव जानने में मील का पत्थर साबित होगा।

### एसएसपी ने की नागरिकों से अपील

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह ने बताया कि सरगुजा रेंज आईजी दीपक कुमार झा के नेतृत्व में यह अभिनव पहल पुलिस और जनता के बीच सरल संवाद स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। जशपुर पुलिस इसे व्यापक स्तर पर प्रचारित कर रही है। एसएसपी ने नागरिकों से अपील की कि वे क्यूआर कोड स्कैन कर सीधे पुलिस से संवाद करें और अपनी प्रतिक्रिया अवश्य दें।



## खबर संक्षेप

### श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन कल निकाली जाएगी कलश शोभायात्रा

**रामनगर/बिश्रामपुर।** ग्राम रामनगर में दिनांक 10 अक्टूबर दिन शुक्रवार से श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन प्रारम्भ होगा,शुक्रवार को आसपास के आधा दर्जन गावों के लोगों द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी, महापुराण कथा का आयोजन 10 अक्टूबर से प्रारम्भ होकर 19 अक्टूबर को हवन पूर्णाहुति के साथ सम्पन्न होगा, महापुराण कथा श्री धाम वृन्दावन से आये कथावाचक विनयकान्त त्रिपाठी के मुखारविन्द से किया जायेगा।

### पहाड़ी कोरवा ग्रामीण की मौत को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने किया प्रदर्शन



**राजपुर।** पहाड़ी कोरवा ग्रामीण की मौत को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरवन प्रदर्शनकारियों ने स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर सवाल उठाए और जमकर नारेबाजी की। बता दें कि विकासखंड के ग्राम मदेश्वरपुर निवासी गुड्डू पहाड़ी कोरवा सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। घायल युवक को उपचार के लिए रायपुर डीकेएस रिफर किया गया था लेकिन 24 घंटे से अधिक समय तक एंबुलेंस उपलब्ध नहीं कराया गया। अगले दिन जब युवक को एंबुलेंस से रायपुर भेजा गया तो अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। इस घटना को लेकर 7 अक्टूबर को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुनील सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस, युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं नेविरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार और स्वास्थ्य विभाग के विरुद्ध नारेबाजी की। ब्लॉक अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं पूरी तरह चरमरा चुकी हैं। मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में आवश्यक संसाधनों की भारी कमी है, जिससे आम जनता को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गरीबों और आदिवासी समुदायों की जान के साथ खिलवाड़ कर रही है। इस दौरान पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, ब्लॉक उपाध्यक्ष लालसाय मिंज, सुरेश सोनी, राम बिहारी यादव, पंकज यादव, तेज प्रताप सिंह, सरजू लकड़ा, आलोक सिंह, देव बलि टेकाम, केन्दल राम, दीपक दास, विकास यादव, जुगेश यादव, बरसाती राम, पंकज जायसवाल, संतोष, सुरेंद्र राम सहित ब्लॉक कांग्रेस, युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मोटरयान अधिनियम उल्लंघन पर ट्रैक्टर चालकों पर होगी कार्रवाई

**सूरजपुर।** जिला परिवहन विभाग द्वारा कृषकों एवं कृषि कार्य में संलग्न ट्रैक्टर चालकों के सतत निगरानी करते हुए मौके पर समझाईश दी जा रही है। ऐसे ट्रैक्टर जिनके दोनों पहियों में नुकीले दोहरे पिंजरे अटैच कर ट्रैक्टर चालकों द्वारा खेती कार्य में उपयोग किए जाने के बाद उसी वाहन को सड़क पर चलाया जा रहा है, जिससे सड़कों को क्षति पहुँचने के साथ-साथ जान-माल के नुकसान की भी संभावना बनी रहती है। परिवहन विभाग द्वारा ऐसे वाहनों पर विशेष निगरानी रखते हुए जन-जागरूकता का प्रसार किया जा रहा है। साथ ही ट्रैक्टर चालकों को समझाईश दी जा रही है कि खेतों की जुताई के बाद ट्रैक्टर के पहियों से पिंजरे हटाकर ही सड़क पर चलाएं। विभाग द्वारा यह भी चेतावनी दी गई है कि कृषि कार्य उपरांत नुकीले पिंजरे लगे ट्रैक्टरों को सड़क पर चलाना मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन है। ऐसे मामलों में नियमों के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पिता की हत्या करने वाला आरोपी पुत्र गिरफ्तार

**सूरजपुर।** प्रेमनगर लक्ष्मीपुर निवासी सजन सिंह (30 वर्ष) 5 अक्टूबर की सुबह घर में मॉ कलेश्वरी से खाने-पीने की बात को लेकर विवाद कर रहा था। इधर भाई एवं पिता उजियार सिंह द्वारा झगड़ा विवाद और खाने-पीने से मना किया तो सज्जन ने बेलचा से पिता के सिर पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे उजियार सिंह के सिर पर गंभीर चोट लगने से परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के आरोपी सज्जन सिंह आ. स्व. उजियार सिंह (30 वर्ष) के विरूद्ध धारा 103(1) के तहत अपराध दर्ज किया। पुलिस ने गत दिन आरोपी को लक्ष्मीपुर से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बेलचा से पिता पर हमला करने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपी के निशानदेही पर बेलचा को जब्त कर उसे गिरफ्तार किया है।

### नौकरी लगाने के नाम पर 8 लाख रुपए की ठगी

**बिश्रामपुर।** पहले वन विभाग में और फिर इसके पश्चात हॉस्टल अधीक्षक के पद पर नौकरी लगवाने का झांसा देकर 8 लाख रुपए की ठगी किए जाने के मामले में पुलिस ने बुधवार को अपराध दर्ज कर लिया है,बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि बिश्रामपुर निवासी प्रार्थी हमिद अहमद पिता स्वर्गीय वहीद अहमद कुरैशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी मुलाकात क्रिकेट खेलने के दौरान नगर के ही रामेश्वर प्रसाद से हुई थी,जो कि रामेश्वर वर्तमान में सीआरपीएफ की 52 वीं बटालियन जम्मू सेक्टर में पदस्थ है,वर्ष 2021 में छुट्टी पर घर आने के दौरान उसने प्रार्थी से नौकरी को लेकर बातचीत की और भरोसा दिलाया कि वह अपने जान-पहचान के जरिए उसकी नौकरी लगवा सकता है,रामेश्वर ने प्रार्थी को अपने परिचित बलरामपुर जिले के राजपुर निवासी संतोष सिंह से मिलवाया,संतोष सिंह ने यह कहकर विश्वास दिलाया कि उसका फॉरेस्ट विभाग सहित कई सरकारी विभागों में अच्छा परिचय है और वह पहले भी कई लोगों की नौकरी लगवा चुका है।

## सीएचसी प्रतापपुर व सीएमएचओ कार्यालय बलरामपुर में मिली अव्यवस्था

# जेडी के निरीक्षण में चिकित्सक से लेकर भृत्य तक रहे नदारद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- कारण बताओ नोटिस जारी

शासन प्रशासन के सख्त निर्देश के बाद भी चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों की आदतों में सुधार नहीं आ रहा है। आलम यह है कि चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी निर्धारित समय पर अस्पताल नहीं पहुंच रह है और इसका खामियाजा अस्पताल में आने वाले मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। इस बात का खुलासा खुद संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा किए गए आकस्मिक निरीक्षण में हुआ है। जेडी के निरीक्षण में चिकित्सा अधिकारी से लेकर भृत्य तक नदारद मिले। ऐसे में जेडी ने सभी को कारण बताओं नोटिस जारी किया है।

बता दें कि स्वास्थ्य केंद्रों में व्यवस्था को दुरुस्त करने संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल कुमार शुक्ला ने बुधवार को सीएमएचओ कार्यालय बलरामपुर और सीएचसी प्रतापपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएचसी प्रतापपुर में साफ सफाई की कमी मिली जबकि दवाओं पर एक्सपायरी डेट अंकित नहीं था। ड्रेसिंग कक्ष व वाशरूम व टॉयलेट में सफाई का अभाव पाया गया। अस्पताल परिसर के अन्दर ही दवा दुकान का संचालन किया जा रहा था। सबसे बड़ी बात अस्पताल में चिकित्सा अधिकारी से लेकर भृत्य तक अनुपस्थित मिले। जेडी डॉ. शुक्ला ने अस्पताल परिसर में संचालित दवा दुकान को परिसर से बाहर करने का निर्देश दिया दिया। निरीक्षण में चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास गुप्ता 3 दिवस डॉ. निमेष दूबे 5 दिवस, डॉ. विकास सिंह 7 दिवस, डॉ. सिवाली सिंह 1 दिवस, स्टाफ नर्स श्रीमती सुनिता श्रेष्ठ 1, दिवस श्रीमती अनिता बखला 1 दिवस, ज्योत्सना सांडिल्य 1 दिवस, विनोद रवि 1 दिवस, फार्मासिस्ट सचिन पैकरा 1 दिवस, एएनएम कुमारी जैसला 7 दिवस, स्वीपर नंद किशोर 2 दिवस, राजू पोरते 1 दिवस, श्रीमती कविता 3 दिवस, श्रीमती दिलासो 4 दिवस, वाहन चालाक रामजीत 4 दिवस, ऑपरेटर श्रीमती सुखवारी 1 दिवस, स्टाफ नर्स कुमारी सुशीला सिंह 2 दिवस, कुमारी साधना सिंह 2 दिवस, श्रीमती मीना एएनएम 1 दिवस, श्रीमती साधना पैकरा 1 दिवस, कुमारी सुषिला सिंह स्टाफ नर्स 7 दिवस, कुमारी प्रतिमा एक्का स्टाफ नर्स 1 दिवस अनुपस्थित पाए गए। जेडी डॉ. शुक्ला ने सभी को कारण बताओं नोटिस जारी किया है और भविष्य में लापरवाही पाए जाने पर निलंबन की चेतावनी दी है।



अस्पताल में जानकारी लेते जेडी।

### सीएमएचओ कार्यालय में कर्मचारी भी अनुपस्थित

जेडी डॉ. शुक्ला ने सीएमएचओ कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारी-कर्मचारियों और चिकित्सकों के अनुपस्थिति पर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किया है। सीएमएचओ कार्यालय बलरामपुर में निरीक्षण के दौरान आरएसबीवाई से दिवेश श्रीवास्तव 1 दिवस, एमएस प्रमार 1 दिवस, स्टोर कीपर अरविन्द पटवा 4 दिवस, भैयालाल सिंह 4 दिवस, सहायक ग्रेड 2 अवरेष टोप्पो 2 दिवस, चंद्रिका प्रजापति 2 दिवस, पुरुषोत्तम देव पैकरा 4 दिवस, श्रीमती प्रतिभा लकड़ा 1 दिवस, रविकांत गुप्ता 4 दिवस, प्रमाडे मिंज 1 दिवस, श्रीमती ग्रेजोरी कुजूर 1 दिवस, वाहन चालक मिथलेश कुजूर 2 दिवस, सुनिल सिंह सेंगर 2 दिवस, श्रीमती देवप्रिया सिंह 2 दिवस, अभिषेक बखला 2 दिवस, जोखू सिंह चौकीदार 2 दिवस, राजकुमार 1 दिवस, आशीष गुप्ता 3 दिवस, राजू विश्वास 1 दिवस अनुपस्थित पाए गये।



## राजधानी रायपुर से निकली शहीदी यात्रा का सिख समाज ने किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

मानवता के रक्षक और धर्म के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350 वें शहीदी दिवस पर राजधानी रायपुर से निकली शहीदी यात्रा मंगलवार 7 अक्टूबर को बिश्रामपुर नगर पहुंची, यह पावन यात्रा छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से 3 अक्टूबर को प्रारंभ हुई थी और श्रद्धा,एकता व मानवता का संदेश देती हुई बिलासपुर, मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी, बैकुंठपुर से होते हुए जब बिश्रामपुर पहुंची,तो पूरे क्षेत्र में भक्ति और सेवा का माहौल बन गया,नगर की सीमा से लेकर कई जगहों पर साध संगत ने पुष्प वर्षा व प्रसाद वितरण कर शहीदी यात्रा का स्वागत किया, सर्वप्रथम टोल प्लाजा नाका,ग्राम सतपता में मंजीत सिंह के निवास पर, मुख्य बाजार में गगनदीप व अमन बग्गा, व्यापारी रामलाल के नेतृत्व में श्रद्धालुओं ने पंज प्यारों और श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का भव्य स्वागत किया।इस दौरान बोले सो निहाल के जयकारे के साथ नगर का वातावरण गूंज उठा,शाम करीब 9 बजे यात्रा गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा पहुंची,यहाँ पर शबद कीर्तन व अरदास पश्चात गुरु का लंगर वितरण किया गया, तत्पश्चात यात्रा सिक्ख समाज के जत्थे के साथ अंबिकापुर सरगुजा के लिए रवाना हुई।इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के दलजीत सिंह,जसबीर सिंह,मंजीत भामरा, इंदरजीत भामरा,रसपाल सिंह, गुरविंदर माखीजा,धनवीर खेड़ा शानू माखीजा, मनी बग्गा, आनंददीप चावला,सुरजीत सिंह चावला, गगन दीप सिंह बग्गा,अंकित बग्गा, इकजोत सिंह बग्गा, व अन्य सक्रिय रहे।

## कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर कर दिया भूमि का नामांतरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- ग्रामीण तहसील कार्यालय में की शिकायत

ग्रामीण की जमीन को अधिकारियों से मिलीभगत कर कूटरचित दस्तावेज के आधार पर नामांतरण करने का मामला सामने आया है। धोखा धड़ी के शिकार ग्रामीण ने अपनी जमीन को वापस पाने के लिए न्याय की गुहार लगाते हुए मामले की शिकायत की है। ग्रामीण ने राजस्व विभाग के अधिकारियों पर भी गड़बड़ी का आरोप लगाया है। विकासखंड अंतर्गत ग्राम कोदौरा निवासी 35 वर्षीय कबीर दास आ. घरभरन दास का आरोप है कि उसके नाम पर खसरा नंबरः 129/1, 130, 133, 131, 132, 206 में कुल रकबाः 0.280, 0.061, 0.405, 0.012, 0.760, 0.101 हेक्टेयर जमीन है। उक्त जमीन पर उसका स्वामित्व है लेकिन 12 अगस्त को प्रतापपुर के बाबापारा सोमारू आ. रिझम ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बिना भूमि स्वामी की उपस्थिति के नोटरी के समक्ष फर्जी तरीके से सहमति पत्र बनवाकर उक्त भूमि को अपने नाम पर करा लिया। ग्रामीण का कहना है कि नामान्तरण के लिए उसने अपनी तरफ से कोई सहमति पत्र नहीं दिया है। इस दौरान जब उसे नोटिस आया तो नामान्तरण की जानकारी सामने आई। ग्रामीण कबीर दास ने पटवारी अजेन्द्र टोप्पो, नोटरी व अन्य अधिकारियों की मिलीभगत से उसकी भूमि पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है। ग्रामीण ने तहसील कार्यालय में शिकायत देते हुए जांच व कार्रवाई की मांग की है।



**की जाएगी जांच**

आवेदक के द्वारा शिकायत पत्र प्रस्तुत किया गया है। मामले की जांच कराते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

-सालिक राम गुप्ता, तहसीलदार

## पूर्व डिप्टी सीएम के नेतृत्व में चलाया गया हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- दो वार्डों में भरवाए गये 500 से अधिक फार्म

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा वोट चोरी पर किए गए खुलासे के बाद एआईसीसी के द्वारा चलाए जा रहे चरणबद्ध आंदोलन के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया है।

इसी अभियान के तहत मंगलवार को पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव और एआईसीसी सचिव व छत्तीसगढ़ सहप्रभारी सुश्री जरीता लैतफलांग के नेतृत्व में कांग्रेस ने शहर के 2 वार्डो में घर-घर जाकर वोट चोर-गद्दी छोड़ के प्रपत्र को भरवाकर लोगों के हस्ताक्षर प्राप्त किये। इस अभियान के तहत मात्र 2 घंटे में विवेकानंद वार्ड एवं रामानुज वार्ड में उक्त वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में कांग्रेसजनो ने नागरिकों से 500 से अधिक फार्म भरवाये। इस दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि नागरिकों के माध्यम से पूरे देश में 5 करोड़ हस्ताक्षरयुक्त फार्म भरकर चुनाव आयोग को भेजा जा रहा है। इस प्रपत्र पर वोटर लिस्ट को दुरुस्त करने से लेकर वोटर लिस्ट में गलत ढंग से छेडछाड करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की बात है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का मकसद गलत तरीके से बने वोटर लिस्ट को सुधारने की मांग को लोकतांत्रिक तरीके से रखकर वोट चोरी रोकना है। ऐसा नहीं होने पर लोकतंत्र का मूल आधार ही समाप्त हो जायेगा। एआईसीसी सचिव सुश्री जरीता लैतफलांग ने कहा कि इस देश में नागरिकों का वोट चोरी हो रहा है उनकी पहचान मिटाई जा रही है, उनके अस्तित्व पर खतरा है, उनका हक मारा जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में हम इस अन्याय के खिलाफ देश के अंतिम नागरिक के हक के लिये लड रहे हैं। वोट चोर-गद्दी छोड़ अभियान के तहत विगत 2 दिनों में अकेले अंबिकापुर में 3000 से अधिक फार्म भरे गये हैं। जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में जिले के 10 सांगठनिक ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के द्वारा इन फार्मा को भरवाया जा रहा है और बडी संख्या में नागरिक स्वेच्छा से सामने आकर इस फार्म को भर रहे हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि वोट चोर-गद्दी छोड़ अभियान के तहत अगामी दिनो में अकेले सरगुजा जिले से 50 हजार से अधिक फार्म को भरवाने का लक्ष्य है।

इस अवसर पर 20 सूत्रीय कार्यक्रम के पूर्व उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, मो. इस्लाम, संजय विश्वकर्मा, इरफान सिद्धकी, इंद्रजीत सिंह धंजल, रशीद अहमद, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, अनूप मेहता, जमील खान, चंद्रप्रकाश सिंह, रजनीश सिंह, निक्की खान, विष्णु सिंहदेव, शुभम जायसवाल, अविनाश कुमार, विकास शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।



## 14 मकानों का ताला तोड़ने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पुलिस ने बरामद किया चोरी का सामान

शहर के सुभाषनगर में एक साथ 14 मकानों का ताला तोड़कर चोरी करने वाले शातिर चोर को पकड़ने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है और उसके पास से छोटी की गई सामाग्री भी बरामद कर ली है।

बता दें कि 5 अक्टूबर की रात गांधीनगर थाना अंतर्गत सुभाषनगर में चोट ने एक साथ किराए के 14 मकानों का ताला तोडकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। हालांकि परिसर में लगे सीसीटीवी में चोर का चेहरा कैद हो गया था। चोरी के मामले में एसएसपी राजेश अग्रवाल ने कार्रवाई के निर्देश दिए थे। एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में जांच के दौरान आरोपी की पहचान लुंड्रा सिलसिला कुर्मीपारा निवासी 21 वर्षीय अक्षय पटेल आ. पंचम पटेल के रूप में की गई थी। पुलिस ने जब आरोपी को घेराबंदी कर हिरासत में लिया तो अपने साथी के साथ मिलकर बाइक से घटना स्थल पर जाने और चोरी करने की बात स्वीकार की। आरोपियों ने चोरी का सारा सामान अपने साथ रख लिया था जबकि गैस सिलेंडर को झाडी में फेंक दिया था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर झाड़ी से 2 नग गैस सिलेंडर एवं आरोपी के घर से पंखा, टीवी, स्मार्टवॉच, लैपटॉप एवं चार्जर, वुफर, डीटूएच, जूता, 2 नग मोबाइल, घरेलु कपड़ा एवं आरोपी के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त मोटरसायकल, टूटा हुआ ताला, घटना मे प्रयुक्त छड़ कुल कीमती मशरुका लगभग 2 लाख रुपए जब्त किया है। पुलिस एक अन्य आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 331(4), 305(ए) गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर प्रदीप जायसवाल, सउनि विपिन तिवारी, आरक्षक अतुल शर्मा, राहुल सिंह, रमन मण्डल सक्रिय रहे।



## 16 लीटर शराब एवं 410 किलो महुवा लहान के साथ महिला गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** क्षेत्र में गश्त कर रहे आबकारी टीम ने अवैध रूप से शराब बिक्री कर रही महिला को न सिर्फ पकड़ा बल्कि उसके पास से 16 लीटर महुआ शराब व 410 किलो महुआ लहान जब्त किया है। टीम ने महिला के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार जिला आबकारी अधिकारी एलके गायकवाड के मार्गदर्शन में आबकारी उप निरीक्षक अनिल कुमार गुप्ता के नेतृत्व में टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिला कि परसा पाली ट्रांसपोर्ट नगर निवासी राधिका बेक पति संजय (30 वर्ष) बड़ी मात्रा में महुआ शराब बनाकर बिक्री कर रही है। सूचना पर टीम ने उसके घर दबिश देकर 16 लीटर महुआ शराब एवं 410 किलो महुआ लाहन बरामद कर जब्त किया। टीम ने महिला के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) ख च, 34(2), एवं 59 क के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से महिला को जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक अनिल कुमार गुप्ता, आबकारी मुख्य आरक्षक द्वारिका प्रसाद गुप्ता, रमेश चंद्र गुप्ता, अयोध्या प्रसाद, गंभीर साय व महिला नगर सैनिक गीता सिंह सक्रिय रही।

## केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए जीएसटी 2.0 रिफॉर्म से प्रत्येक वर्ग को मिलेगा प्रत्यक्ष लाभ : राजवाड़े





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

आत्मनिर्भर भारत एवं जीएसटी रिफॉर्म के अंतर्गत उद्यमी व्यापार एवं व्यावसायिक प्रकोष्ठ का भटगांव विधानसभा स्तरीय शिवनंदनपुर मंडल सम्मेलन के अग्रसेन भवन में आयोजित किया गया, यहाँ पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रही महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि व्यापारी व किसान राष्ट्र के मुख्य धरोहर है,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लागू किया गया जीएसटी 2.0 रिफॉर्म से किसानों,व्यापारियों तथा मध्यम वर्ग के लोगों को कुछ राहत मिलेगी,उन्होंने कहा कि देश में टैक्स व्यवस्था लंबे समय से चल रही है,बिना टैक्स कलेक्शन के राष्ट्र का नव निर्माण नहीं होगा, इसलिए देश के विकास के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से प्रत्येक नागरिक टैक्स प्रदान करता है।

सभा को मेन मार्केट निवासी सी ए मयंक अग्रवाल,जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी ने भी सम्बोधित किया, विशिष्ट अतिथियों में नगर पंचायत बिश्रामपुर के पूर्व अध्यक्ष राजेश यादव,नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स के अशोक अग्रवाल,अनूप सिन्हा,चरण सिंह अग्रवाल, विजयराज अग्रवाल, शोभनाथ राजवाड़े, देवधन राम बिंझीया, हरीश राजवाड़े उपस्थित रहे,मौजूद अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी,डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी,एवं भारत माता की छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

### शिवनन्दनपुर के व्यापारियों को भूमि व्यवस्थापन पट्टा दिलाने की उठी मांग

बैठक में चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने सभा को सम्बोधित करने के दौरान मौजूद मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री से एनएच सड़क के उत्तर दिशा में बसे व्यापारियों को राज्य शासन से भूमि स्वामी पट्टा दिलाये जाने की मांग रखी,उन्होंने कहा कि समय समय पर एसईसीएल कम्पनी छत्तीसगढ़ शासन की राजस्व भूमि को भी अपना बताते हुए बसे हुए व्यापारियों को बेदखल करने की चेतावनी जारी करती है,इसमें नक्शा सुधार करते हुए वर्षो से बसे व्यापारियों को नये सिरे से सर्वे कराते हुए भूमि स्वामी पट्टा दिलाये जाने की बात कही गई जिस पर केबिनेट मंत्री ने शासन स्तर पर बात रखकर समस्या का निराकरण कराये जाने का आश्वासन व्यापारियों को दिया है।

### केबिनेट मंत्री ने व्यापारियों को शॉल श्रीफल से किया सम्मानित

कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने नगर के विभिन्न व्यापार से जुड़े व्यापारियों को शॉल श्रीफल से सम्मानित किया तथा उन्हें जीएसटी दर की कटौती पर बधाई दी, इस दौरान, महेश्वर पैकरा, शशिकांत गर्ग, विनय सिंह,राम प्रसाद, संतोष कुमार, रविन्द्र भारती, हरीश राजवाड़े, ठाकुर प्रसाद पैकरा, विवेक जायसवाल, धर्मेंद्र गुप्ता, अमरलाल साहू, शितिकान्त स्वाई, देवशरण, मनी बग्गा, शिव राजवाड़े, नूतन विश्वास,भागवत प्रजापति, श्यामू साहू, नंदकुमारी, दीनानाथ,भगवान मिश्र, समीर सिंह अनीता सिंह, समीर सिंह, पार्षद अमरेश कुमार, रवि शंकर बउआ सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।मंच का सफल संचालन शशि गर्ग व शितिकान्त स्वाईं ने किया।



# हर कोई फैसला लेने के लिए स्वतंत्र : शूजित

**मुंबई।** पिछले कुछ वक्त से अभिनेत्री दीपिका पादुकोण अपने आठ घंटे काम करने की शर्त को लेकर चर्चाओं में बनी हैं। अब दीपिका के प्रोशेनलिज्म और आठ घंटे की शिफ्ट पर निर्देशक शूजित सरकार ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। शूजित ने अभिनेत्री का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि मैं हर व्यक्ति के व्यक्तिगत फैसलों का सम्मान करता हूं। वे क्या करते हैं, इसके लिए वो स्वतंत्र हैं। मुझे नहीं पता कि पूरी कहानी क्या है। हालांकि, दीपिका के आठ घंटों की शिफ्ट को लेकर निर्देशक ने कहा कि कोई बात नहीं।

लाइफ Style



# दिव्या

## तकनीक की बजाय लोगों से मिलिए-जुलिए

एजेंसी ▸▸ मुंबई

दिव्या दत्ता इंडस्ट्री की चर्चित अभिनेत्रियों में शामिल हैं। छावा, ब्लैकमेल और भाग मिल्खा भाग जैसी फिल्मों में अपने किरदार से उन्होंने दर्शकों के बीच खास जगह बनाई है। हाल ही में दिव्या दत्ता मेंटल हेल्थ और रिश्तों के महत्व पर बात करती दिखीं।

लगातार बदलती दुनिया और उसमें तकनीक के दखल के बीच उन्होंने मानसिक सेहत को लेकर बात की। दिव्या दत्ता ने मुंबई के बिलाबोंग हाई इंटरनेशनल स्कूल में मानसिक सेहत पर एक सेशन में हिस्सा लिया। दिव्या दत्ता ने तकनीक-प्रेमी दुनिया में रहते हुए जिंदगी में सही संतुलन बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। ऐसी दुनिया जहां अब सेल फोन, चैटजीपीटी और सोशल मीडिया लोकप्रिय हैं, वहां अपनी मेंटल हेल्थ का ख्याल रखना जरूरी है। दिव्या दत्ता ने कहा, 'मुझे लगता है कि हम एक तकनीक-प्रेमी दुनिया में रह रहे हैं, जहां मोबाइल, चैटजीपीटी, एआई और सोशल मीडिया लोगों के बीच बहुत लोकप्रिय हैं। हम लोगों की बजाय मशीनों और अन्य चीजों का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। इसलिए, अपना धैर्य बनाए रखना और जीवन में संतुलन बनाए रखना जरूरी है'। दिव्या दत्ता ने लोगों से मूल बातों पर लौटने की गुजारिश की, जिसमें सोशल मीडिया की मदद के बिना लोगों से मिलना-जुलना और जुड़ना, अपना ख्याल रखना और खुश रहना शामिल हैं। अभिनेत्री दिव्या दत्ता के वर्क फ्रंट की बात करें तो उनकी 'इकोज ऑफ वैलोर' हाल ही में वेनिस फिल्म फेस्टिवल 2025 में प्रदर्शित हुई।

हॉलीवुड मसाला




# नया लुक बना चर्चा का विषय

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेत्री एमी शूमर अपने नए लुक को लेकर सुर्खियों में हैं। अपना वजन घटाने के बाद 44 साल की अभिनेत्री सड़क पर घूमने निकलीं। इस दौरान 'आई फील प्रिटी' की अभिनेत्री ने दो रंगों वाला स्वेटर और जींस पहनी थी। इसमें लग रहा था कि उन्होंने अपना वजन घटा लिया है। अपने लुक को उन्होंने सनग्लास और खुले बालों से कंपलीट किया था। एमी शूमर तब सुर्खियों में आ गईं जब उन्होंने अपने दोस्तों के साथ लास वेगास की हालिया यात्रा की एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा की।





# द कॉन्ज्यूरिंगः लास्ट राइट्स ओटीटी पर हुई रिलीज...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर हॉरर फ्रेंचाइजी द कॉन्ज्यूरिंग का आखिरी भाग द कॉन्ज्यूरिंगः लास्ट राइट्स भारतीय सिनेमाघरों में 5 सितंबर को रिलीज हुई थी। इसने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया था। अब यह फिल्म ओटीटी पर भी जलवा बिखरने को तैयार है। हॉरर फिल्म द कॉन्ज्यूरिंगः लास्ट राइट्स भारत के बाहर के प्रशंसकों के लिए ओटीटी पर रिलीज हो गई है। यह फिल्म विदेशी दर्शकअमेजन प्राइम वीडियो, एप्पल टीवी+ और फैंडैंगो पर देख सकते हैं। हालांकि, निर्माताओं ने अभी तक भारत में इस फिल्म की ओटीटी रिलीज की घोषणा नहीं की है। बहुत जल्द भारतीयों के लिए भी यह फिल्म ओटीटी पर मौजूद होने वाली है। द कॉन्ज्यूरिंगः लास्ट राइट्स ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ओवरऑल 100.98 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था।



# हल्की खुशबू से नफरत क्रेजी परफ्यूम से लव

**मुंबई।** 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' से मशहूर हुईं एक्ट्रेस हिना खान ने सोशल मीडिया हैंडल की स्टोरी पर एक खास वीडियो शेयर किया है। इस पोस्ट के जरिए हिना ने खुद को क्रेजी परफ्यूम लवर बताया है। हिना खान ने अपने इंस्टाग्रम हैंडल की स्टोरी पर एक खास वीडियो शेयर किया है। जिसमें मेकअप रूम में तरह-तरह के गहने नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही कई तरह की परफ्यूम भी दिखाई दे रही हैं। इस वीडियो क्लिप में, हिना अपनी वैनिटी में अपने बाल संवारती दिख रही हैं और खुद को रिकॉर्ड कर रही हैं। इस वीडियो के साथ हिना ने कैप्शन में लिखा, 'बस एक और दिन का काम... हां, मैं परफ्यूम की दीवानी हूं, मुझे औसत खुशबू से नफरत है।' हिना की इस पोस्ट में उनके मेकअप आर्टिस्ट भी दिखाई दे रहे हैं। हाल ही में हिना खान ने शादी के बाद अपना पहला जन्मदिन मनाया।



# यश की अगली फिल्म होगी साइंस-फिक्शन...

**मुंबई।** केजीएफ स्टार यश इन दिनों अपकमिंग मूवी 'टॉक्सिक' की शूटिंग में बिजी हैं। पर अभी से ही उनके अगले प्रोजेक्ट की चर्चा शुरू हो गई है। बताया जा रहा है कि वो पीएस मिथ्रन संग साइंस-फिक्शन थ्रिलर मूवी पर बात कर रहे हैं। सबकुछ सही रहा तो 2026 में शूटिंग शुरू होगी। यश इस समय 'टॉक्सिक' की शूटिंग में बिजी हैं। वो कथित तौर पर तमिल मूवी प्रोड्यूसर पीएस मिथ्रन के साथ अपकमिंग प्रोजेक्ट पर बातचीत कर रहे हैं। लेटेस्ट रिपोर्ट्स बता रही हैं कि पीएस मिथ्रन ने एक्सपेरिमेंटल साइंस-फिक्शन थ्रिलर डेवलप किया है और यश इसे लीड करेंगे। खैर। अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है। साउथ स्टार यश पहले तमिल फिल्ममेकर पीएस मिथ्रन के साथ अपने अगले प्रोजेक्ट के लिए बातचीत कर रहे थे।

टीवी मसाला



# 7.50 लाख के सवाल पर फंसे पुरव ऑडियंस भी हुई गलत साबित

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 का चिल्ड्रन स्पेशल एपिसोड प्रसारित होना शुरू हो गए हैं। क्विज शो के 6 अक्टूबर के एपिसोड का आगाज नन्हे कंटेस्टेंट पुरव के साथ हुई। वे फास्टेंट फिंगर राउंड में बाकी कंटेस्टेंट को हराकर हॉटसीट पर बैठे। उन्होंने दो लाइफ लाइन गंवा कर शुरुआती दस सवालों का बड़े अच्छे से जवाब दिया। अमिताभ बच्चन भी उनकी समझदारी से इंप्रेस नजर आए। उन्होंने सुपर संदूक राउंड में सात सवालों के सही जवाब दिए, जिससे उन्होंने लाइफ लाइन ऑडियंस पोल जिंदा कर ली। अमिताभ बच्चन ने पुरव से 15 हजार रुपए का बड़ा दिलचस्प सवाल पूछा। अगर आपने हैरी पॉटर की किताबें पढ़ी होंगी, तो इसका जवाब आसानी से दे पाएंगे। सवाल है- 'इनमें से क्या हैरी पॉटर सीरीज की पहली पुस्तक है?' विकल्प हैं- अ. द फिलोजॉफर्स स्टोन ब. द चेम्बर ऑफ सीक्रेट्स. स. द गॉबलेट ऑफ फायर. द. द डेथली हैलोज। पुरव ने विकल्प ए. द फिलोजॉफर्स स्टोन को चुना जो सही है। मगर वह 7.50 लाख रुपए के 11वें सवाल पर अटक गए। उन्होंने जवाब देने के लिए ऑडियंस पोल का इस्तेमाल किया। सवाल है- हाथी के इनमें से कौन से दांत लंबे होकर हाथी-दांत बन जाते हैं? विकल्प हैं। अ. मोलर ब. प्रीमोलर स. कैनाइन द.इनसाइजर। ऑडियंस ने सबसे ज्यादा वोट विकल्प सी. कैनाइन को दिया। पुरव ने ऑडियंस की बात मानी, लेकिन जवाब गलत हो गया। सही जवाब है- इनसाइजर है। जबकि उनके पास एक लाइफलाइन बची थी। वे 5 लाख रुपए जीत कर घर लौटे।

## सारा ने कृष से की रजिस्टर्ड मैरिज

**नई दिल्ली।** टीवी अभिनेत्री सारा खान ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड कृष पाठक से शादी रचा ली है। इस जोड़े ने अपनी शादी की तस्वीरों को सोशल



मीडिया पर शेयर कर अपने प्रशंसकों को खुश कर दिया है। सारा ने अपनी शादी की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'एक साथ सीलबंद, दो आस्थाएं। एक पटकथा। बेपनाह प्यार। हस्ताक्षर सीलबंद हैं। 'कुबूल है' से 'सात फेरे' तक, इस दिसंबर में प्रतिज्ञाएं इंतजार कर रही हैं - दो दिल, दो संस्कृतियां, हमेशा के लिए एक। हमारी प्रेम कहानी एक ऐसे मिलन का निर्माण कर रही है, जहां आस्थाएं आपस में मिलती हैं, बिखरती नहीं। क्योंकि, जब प्रेम ही विषय होता है, तो बाकी सब एक खूबसूरत उपकथा बन जाता है। तो हमें अपना आशीर्वाद दें, क्योंकि यह मिलन सभी के लिए है।' मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सारा ने शादी को लेकर कहा, 'जब हम साथ रहने लगे, मुझे कृष की पत्नी जैसा लगा, लेकिन शादी का रजिस्ट्रेशन कराना बहुत खास था।

# इन फिल्मों में दिखी भारतीय वायु सेना के शौर्य की कहानी

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना दिवस हमें याद दिलाता है उन वीर योद्धाओं की, जिन्होंने आसमान की ऊंचाइयों से दुश्मनों के इरादों को ध्वस्त किया। हम उन बॉलीवुड फिल्मों के बारे में जानेंगे, जिनमें भारतीय वायु सेना की वीरता को पर्दे पर उतारा गया है। चलिए देखते हैं उन फिल्मों के नाम।

**स्काई फोर्स** : संदीप केवलानी और अभिषेक अनिल कपूर द्वारा निर्देशित 'स्काई फोर्स' इसी साल 2025 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अक्षय कुमार, वीर पहारिया और सारा अली खान मुख्य भूमिका में थे। इस फिल्म को 1965 के भारत-पाकिस्तान हवाई युद्ध और सरगोधा एयरबेस पर हमले से प्रेरित बताया जाता है। यह कहानी हवाई हमले से पहले की घटनाओं और उसके बाद एक खोए हुए नायक की तलाश पर आधारित है, जिसमें देशभक्ति के जोश और और एक्शन को दिखाया गया है। यह फिल्म भारतीय सेना के शौर्य और बलिदान को दर्शाती है।




**गुंजन सक्सेना** : 'गुंजन सक्सेनाः द कारगिल गर्ल' भारतीय वायु सेना की एक महिला पायलट गुंजन सक्सेना की सच्ची और प्रेरणादायक कहानी है, जो कारगिल युद्ध के दौरान लड़ाई में भाग लेने वाली पहली महिला पायलटों में से एक थीं। फिल्म में जान्हवी कपूर ने गुंजन सक्सेना का किरदार निभाया है। वहीं, पंकज त्रिपाठी और अंगद बेदी ने सहायक भूमिकाएं निभाई हैं। इस फिल्म में देश के प्रति कुछ कर गुजरने की प्रबल इच्छा को दिखाया गया है। फिल्म का निर्देशन शरण शर्मा द्वारा किया था, जो 2020 में रिलीज हुई थी।

**भुज** : साल 2021 में अभिषेक दुधैया के निर्देशन में 'भुज' फिल्म रिलीज हुई थी। 'भुजः द प्राइड ऑफ इंडिया' फिल्म 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान की कहानी है। इसकी कहानी भारतीय वायु सेना के स्क्वाड्रन लीडर विजय कार्णिक के इर्द-गिर्द घूमती है। वह भुज वायु सेना बेस की कमान संभालते हैं और माधापार गांव की 300 स्थानीय महिलाओं की एक टीम का नेतृत्व करते हैं और मिशन पूरा करने का प्रयास करते हैं। यह फिल्म युद्ध के दौरान भारतीय वायु सेना के जवानों की बहादुरी और दृढ़ संकल्प को दर्शाती है। इस फिल्म में अजय देवगन, संजय दत्त, सोनाक्षी सिन्हा, नोरा फतेही, शरद केलकर, एमी विर्क, इहाना ढिल्लन जैसे कलाकार नजर आए थे।

# सिलाम्बरासन और वेत्रिमारन की नई फिल्म अरासन का ऐलान

**मुंबई।** तमिल सिनेमा के दो दिग्गज नाम- सिलाम्बरासन टी आर और डायरेक्टर वेत्रिमारन एक बार फिर एक प्रोजेक्ट के लिए साथ आने वाले हैं और इस बार उनका यह कोलैब एक नई फिल्म के लिए हुआ है। लंबे समय से 'एसटीआर 49' के नाम से जानी जा रही इस फिल्म का असली नाम आखिरकार सामने आ गया है। फिल्म का नाम है 'अरासन'। मंगलवार को इसका फर्स्ट-लुक पोस्टर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा। फिल्म के टाइटल पोस्टर में सिलाम्बरासन काफी रफ एंड टफ लुक में नजर आ रहे हैं। उनका चेहरा तो ठीक से नहीं दिख रहा है लेकिन ऐसा लग रहा है कि वो काफी तीव्रता के साथ देख रहे हैं। 'अरासन' का मतलब होता है राजा। फिल्म का पोस्टर देखने के बाद यह तो साफ है कि फिल्म में सिलाम्बरासन एक दमदार किरदार निभाने वाले हैं। फिल्म के निर्माता कलाईपुली एस. थानु ने फिल्म का पोस्टर साझा किया। असुरन, वडा चेन्नई और विसरनाई जैसी राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्मों के लिए जाने जाने वाले डायरेक्टर वेत्रिमारन इस बार भी बिल्कुल वैसा ही जादू बिखेरने की कोशिश करेंगे। दिलचस्प बात यह है कि निर्देशक ने पहले ही



संकेत दिया था कि अरासन, वडा चेन्नई यूनिवर्स का हिस्सा हो सकता है। इससे यह कयास तेज हैं कि कहानी चेन्नई के अंडरवर्ल्ड और सत्ता की राजनीति के इर्द-गिर्द घूमेगी। फिलहाल मेकर्स ने सिर्फ फिल्म के टाइटल और सिलाम्बरासन के फर्स्ट लुक का खुलासा किया है। बाकी कास्ट और टेक्निकल टीम से जुड़ी जानकारी जल्द सामने आएगी। खबर है कि फिल्म में एक बड़ा कैमियो अभिनेता मणिकंदन का भी होगा, जबकि निर्देशक नेल्सन दिलीपकुमार एक खास सीक्वेंस में नजर आ सकते हैं।

## सुहागिन स्त्रियां व्रत रखती हैं और अपने पति की दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की करती हैं कामना

# पत्नी के साथ ये अभिनेता भी साथ में रखते हैं करवाचौथ का व्रत

मुंबई। करवाचौथ का त्योहार पति-पत्नी के प्यार का प्रतीक है। परंपरा के मुताबिक सुहागिन स्त्रियां इस दिन व्रत रखती हैं और अपने पति की दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करती हैं। कई अभिनेत्रियां भी यह त्योहार मनाती हैं। अब इस त्योहार में एक नया ट्रेंड भी शुरू हो गया है। कुछ पुरुष भी अपनी पत्नी के साथ यह व्रत रखने लगे हैं। इसके उदाहरण फिल्म जगत में भी हैं। कई अभिनेता हैं, जो अपनी पत्नियों के साथ करवाचौथ का व्रत रखकर यह त्योहार सेलिब्रेट करते हैं।

**अभिषेक बच्चन** : ऐश्वर्या राय बच्चन करवाचौथ का त्योहार धूमधाम से मनाती हैं। हर साल वे अभिषेक बच्चन के लिए यह व्रत रखती हैं। वहीं, अभिषेक बच्चन भी अपनी चांद सी पत्नी के लिए यह व्रत रखते हैं और दिनभर भूखे रहते हैं। शाम को चांद के दीदार के साथ दोनों व्रत खोलते हैं।






**राज कुंद्रा** : शिल्पा शेट्टी करवाचौथ सेलिब्रेट करती हैं। हर साल उनका करवाचौथ लुक सोशल मीडिया पर खूब वायरल होता है। दिलचस्प बात यह है कि उनके साथ-साथ पति राज कुंद्रा भी यह व्रत रखते हैं। बिजनेसमैन से एक्टर बन चुके राज कुंद्रा भी शिल्पा शेट्टी के लिए भूखे रहते हैं।



**आयुष्मान खुराना** : अभिनेता आयुष्मान खुराना और ताहिरा कश्यप भी कपल गोल पूरे करते हैं। दोनों की जोड़ी फैंस की पसंदीदा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ताहिरा कश्यप एक बार कुछ मेडिकल कारणों के चलते करवाचौथ व्रत नहीं रख पाई थीं और तब आयुष्मान ने उनके लिए व्रत रखा था।

**विक्की कौशल** : अभिनेता विक्की कौशल और कैटरीना कैफ की जोड़ी फैंस की पसंदीदा है। दोनों कपल गोल्स पूरे करते हैं। जल्द ही दोनों अपनी पहली संतान



का स्वागत करेंगे। कैटरीना कैफ भले ही विदेशी धरा पर पली-बढ़ी हैं, मगर उन्होंने भारतीय कल्चर को बखूबी अपनाया है। विक्की कौशल से शादी के बाद वे करवाचौथ का व्रत रखती हैं।

**जय भानुशाली** : इस लिस्ट में एक्टर जय भानुशाली का नाम भी शामिल है। वे भी अपनी पत्नी माही विज के लिए करवाचौथ का व्रत रखते हैं। दोनों साथ-साथ यह त्योहार सेलिब्रेट करते हैं।



## खबर संक्षेप

### 8 सोलर ट्रैफिक पोस्ट का किया गया उद्घाटन

**राउरकेला।** शहर में दिन प्रतिदिन वाहनों की संख्या बढ़ने के साथ ट्रैफिक की समस्या भी बढ़ती जा रही है। ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु करने के लिए पुलिस विभाग द्वारा लगातार कई कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को उदित नगर चौक समेत शहर के आठ विभिन्न चौक चौराहों पर सोलर ट्रैफिक पोस्टों का उद्घाटन किया गया है, वहीं दो ट्रैफ़कि पोस्ट का और उद्घाटन होना है। इन ट्रैफिक पोस्टों का औपचारिक उद्घाटन पश्चिमांचल डीआईजी ब्रिजेश राय ने उदित नगर स्थित अंबेडकर चौक में किया। इस अवसर पर राउरकेला एसपी नितेश वाधवानी, एडीएम दीना दस्तगीर सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। डीआईजी और एसपी ने कहा कि इन ट्रैफिक पोस्टों के संचालन से भीड़ नियंत्रण में मदद मिलेगी और पुलिस नागरिकों को बेहतर सेवाएँ प्रदान करने में सक्षम होगी। डीआईजी ने यह भी बताया कि विभिन्न चौक.चौराहों पर ऑटोमैटिक लाइट सिग्नल बहुत जल्द लगाए जाएंगे। दूसरी ओर एडीएम दीना दस्तगीर ने जानकारी दी कि स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से लगाए गए 600 सीसीटीवी कैमरे भी शीघ्र ही पूर्ण रूप से कार्यरत हो जाएंगे।

### ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन का निरीक्षण

**रायगढ़।** राज्य सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण श्रीमती मोनिका सिंह ने आज पुसौर विकासखंड के ग्राम पंचायत गेजामुडा, जोरापाली, कोड़ातराई, औरदा, केशला और दर्रामुडा में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता की स्थिति का जायजा लिया और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। राज्य सलाहकार श्रीमती मोनिका सिंह ने कहा कि स्वच्छता केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और सामाजिक जिम्मेदारी का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वच्छग्राही समूह के सदस्यों को सूखा, गीला एवं प्लास्टिक कचरा अलग अलग संग्रह करनेए घर घर कचरा कलेक्शन सुनिश्चित करने और जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए। श्रीमती मोनिका सिंह ने गांवों में निर्मित सामुदायिक शौचालयों का नियमित और सही उपयोग करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भागीदारी से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने ग्रामीणों को कचरा फेंकने के प्रति सजग करने और सामुदायिक स्तर पर स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश संबंधितों को दिए। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की जिला एवं जनपद टीम ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, ग्रामीणजन और स्वच्छग्राही समूह के सदस्य उपस्थित रहे।

### भाजपा नेता को जान से मारने की मिली धमकी

**राउरकेला।** भाजपा नेता एवं यूट्यूब चैनल के संपादक मनोज सतपथी को जान से मारने की धमकी मिलने से शहर के राजनीतिक गलियारों में सनसनी फैल गई है। बताया गया है कि वे इस समय मुंबई के टाटा मेमोरियल अस्पताल में कैंसर का इलाज करा रहे हैं। घटना रविवार 5 अक्टूबर की रात करीब 10.25 बजे की है जब उन्हें एक अनजान नंबर से 14 सेकंड का कॉल आया। आरोप है कि कॉल करने वाले ने धमकी दी मनोज, तेरा विनाश का समय आ गया है तू वापस आ। इससे वे भयभीत हो गए और उन्होंने इसे राजनीतिक अंतर्कलह से जुड़ी साजिश की संभावना से इनकार नहीं किया। धमकी मिलने के बाद सतपथी ने मुंबई से ही झीरपानी थाने में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई।

### डाक विभाग मना रहा राष्ट्रीय डाक सप्ताह

**रायगढ़।** भारतीय डाक विभाग द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित राष्ट्रीय डाक सप्ताह इस वर्ष भी 10 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। रायगढ़ डाक संभाग द्वारा इस सप्ताह के अंतर्गत डिजिटल इंडिया से आत्मनिर्भर भारत की दिशा में विभिन्न रचनात्मक और जनसेवाभावी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस वर्ष का मुख्य उद्देश्य है जनसेवा, पारदर्शिता, तकनीकी नवाचार, वित्तीय सशक्तिकरण और नागरिक केंद्रित सेवाओं को बढ़ावा देना।

---

## परामर्शदात्री समिति की त्रैमासिक बैठक

# ऋण अस्वीकृत किया जाता है तो उसका उचित कारण बताने के साथ समाधान के तरीके से कराएं अवगतः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



परामर्शदात्री समिति की बैठक लेते कलेक्टर।

कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की त्रैमासिक बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में संपन्न हुआ। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार सहित विभिन्न विभागों और बैंकों के अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान विभिन्न शासकीय विभागों के द्वारा संचालित हितग्राहीमूलक योजनाएं जिनका बैंक के माध्यम से जमा और भुगतान की कार्यवाही की जाती है उन पर होने वाली व्यवहारिक दिक्कतों के समाधान पर विस्तृत चर्चा हुई। कलेक्टर व्यास ने किसानों, स्व-सहायता समूहों एवं आम नागरिकों को बैंकिंग सेवाओं का लाभ सरलता से दिलाने हेतु बैंकों से उदार व सहयोगात्मक रुख अपनाने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि जो भी व्यवहारिक दिक्कतें आती हैं उनका समाधान जल्द किया जाना चाहिए, ताकि बैंकिंग सेवा के लाभ से कोई वंचित न हो और शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों के संचालन सरलता से हो सके। कलेक्टर व्यास ने कहा कि यदि किसी हितग्राही का ऋण आवेदन अस्वीकृत किया जाता है तो उसका उचित कारण बताने के साथ ही समाधान के तरीके से भी अवगत कराएं। उन्होंने दूरस्थ जनजातीय क्षेत्रों में बैंकिंग जागरूकता बढ़ाने पर भी जोर देते हुए कहा कि जिन लोगों के बैंक खाते अब तक नहीं खुल पाए हैं, उन्हें शीघ्र बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा जाए ताकि वे भी शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। बैठक में कलेक्टर ने बैंक अधिकारियों से सीएसआर मद का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य जनकल्याणकारी कार्यों में करने की अपील की। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाने को कहा, ताकि अधिक से अधिक लोग इस योजना से लाभान्वित हो सकें। कलेक्टर ने बिहान समूहों के बैंक लिंकेज को तीव्रता से करने के साथ मुद्रा योजनांतर्गत अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति को कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता बरतने और स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने का कार्य प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर व्यास ने किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत दिए जाने वाले ऋण में उदारता बरतते हुए अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश भी दिए। साथ ही उन्होंने क्रेडिट-डिपॉजिट अनुपात को संतुलित रखते हुए पात्र हितग्राहियों को समय पर ऋण उपलब्ध कराने पर बल दिया। कलेक्टर ने स्वनिधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, बिहान योजना और अन्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि जरूरतमंदों के प्रति संवेदनशीलता और तत्परता से कार्य किया जाए।

उन्होंने बैंकों द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में रोजगारपरक प्रशिक्षण कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर लीड बैंक मैनेजर वाल्टर वेंगरा, आरबीआई एलडीओ नवीन तिवारी, सहायक महाप्रबंधक नाबार्ड मिलयोर बड़ा सहित सहित बैंकों के मैनेजर तथा सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

---



## जशपुर पुलिस, प्रशासन व रेडक्रॉस के संयुक्त प्रयास से बढ़ी जनजागरूकता

**जशपुरनगर।** सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों को समय पर सहायता और सही प्राथमिक उपचार मिल सके, इसके उद्देश्य से जशपुर पुलिस और जिला प्रशासन द्वारा जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से संचालित सड़क सुरक्षा मितान प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन पत्थलगांव में हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जिले के तीनों अनुभाग जशपुर, कुनकुरी और पत्थलगांव में अलग-अलग चरणों में आयोजित किया गया था, जिसमें 300 से अधिक सड़क सुरक्षा मितानों ने भाग लेकर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

■ 300 से अधिक मितानों को दिया गया प्राथमिक उपचार और जीवन रक्षा का प्रशिक्षण

जशपुर जिले में रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर कलेक्टर रोहित व्यास और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के नेतृत्व में यह अभियान शुरू किया गया। इसके तहत ग्रामीण और शहरी स्तर पर नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए "सड़क सुरक्षा मितान" नियुक्त किए गए हैं। ये मितान लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन कराने, हेलमेट पहनने और सीट बेल्ट लगाने जैसी सावधानियों के लिए प्रेरित करते हैं। सड़क दुर्घटनाओं में कई बार यह देखा गया है कि घायलों को समय पर सही उपचार न मिलने से उनकी जान चली जाती है। ऐसे ही मामलों को ध्यान में रखते हुए पुलिस और प्रशासन ने रेडक्रॉस सोसायटी के साथ मिलकर यह विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया, ताकि "गोल्डन ऑवर" यानी दुर्घटना के बाद का पहला एक घंटे के दौरान घायल व्यक्ति को तुरंत और सही प्राथमिक उपचार मिल सके। 6 से 8 अक्टूबर तक पत्थलगांव अनुभाग में चले तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान सड़क सुरक्षा मितानों को विशेषज्ञ डॉक्टरों और मास्टर ट्रेनरों ने सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा और प्राथमिक उपचार की बारीकियां सिखाईं। कार्यक्रम के दौरान डीएसपी मंजूलता बाज, जिला रेडक्रॉस अधिकारी रूपेश पाणिग्रही सहित मास्टर ट्रेनर डॉ.लक्ष्मी कांत आपाट, डॉ.छत्तेश कुमार, डॉ.ललित चौधरी, उत्तम कुमार यादव, रिंटा गुप्ता और रितेश भगत उपस्थित रहे।

---

## मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन पर व्याख्यान




हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह 2025 के अवसर पर राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन 09 अक्टूबर 2025 को स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेज़ी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जशपुर में किया गया।

स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस व्याख्यान में डॉ.खान अबरार उज़ ज़मान खान साइकोलॉजिस्ट जिला चिकित्सालय जशपुर द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित कर व्याख्यान के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना मानसिक समस्याओं की प्रारंभिक पहचान करना और तनाव प्रबंधन हेतु सकारात्मक उपायों की जानकारी देना था। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं चर्चा सत्र में अपनी जिज्ञासाएँ प्रस्तुत कीं। व्याख्यान के माध्यम से बताया गया कि मानसिक स्वास्थ्य विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन एवं व्यक्तित्व विकास दोनों के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह कार्यक्रम जिला मानसिक स्वास्थ्य इकाईए जशपुर द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जशपुर के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के सफल संचालन में जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने अहम भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम के दौरान सहायक संचालक शिक्षा विभाग सरोज खलखो एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे। मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रखने हेतु अच्छे मानसिक स्वास्थ्य के लिए सुझाव दिए गए। जिसमें पर्याप्त नींद और पौष्टिक आहार, नियमित व्यायाम करने और नशे से दूर रहने के लिए कहा गया।

इसके साथ ही परिवार व मित्रों से जुड़ाव बनाए रखने, तनाव प्रबंधन के लिए ध्यान करने, सकारात्मक सोच और हर दिन कुछ अच्छा सोचने सहित ज़रूरत पड़ने पर विशेषज्ञ से मदद लेने की सलाह दी गई। मानसिक समस्या होने पर अपने निकटतम चिकित्सा केंद्र में चिकित्सक से संपर्क या टेली मानस टोल फ्री नंबर 14416 में कॉल करने के लिए कहा गया।

---

## दीदी के गोठ बना सशक्त मंच, प्रेरणादायी कहानियों से प्रदेश में हो रहा बदलाव

**जशपुरनगर।** दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं के संघर्ष, आत्मबल और सफलता की कहानियों को सामने लाकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का एक सशक्त मंच बन गया है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत तैयार विशेष रेडियो कार्यक्रम दीदी के गोठ का शुभारंभ 31 अगस्त 2025 को किया गया था। दीदी के गोठ कार्यक्रम का आज जिले के सभी 32 संकुल संगठनों मे सामूहिक रूप से श्रवण किया गया। इस अवसर पर बिहान से जुड़ी स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा चलाई जा रही विभिन्न आजीविकामूलक गतिविधियों के माध्यम से आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तिकरण की प्रेरक कहानियां साझा की गईं। कार्यक्रम के दौरान समूह की महिलाओं ने बताया कि बिहान के माध्यम से उन्हें न केवल रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं, बल्कि वे अपनी आमदनी बढ़ाकर परिवार और समाज में एक मजबूत पहचान भी बना रही हैं। यह कार्यक्रम जिले के सभी संकुल एवं ग्राम संगठनों में उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 2000 से अधिक महिलाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। दीदी के गोठ कार्यक्रम का प्रसारण प्रत्येक माह के दूसरे गुरुवार को किया जाता है। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा प्रसारित इस मासिक रेडियो कार्यक्रम से संबंधित किसी भी जिज्ञासा या प्रश्न के लिए टोल-फ्री नंबर 1800 233 2398 पर दोपहर 12 से 3 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।



---



## सुभाष के घर का बिजली बिल हुआ कम

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ हितग्राहियों को देने के निर्देश दिए हैं। योजना के तहत प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अब आम नागरिकों के जीवन में ऊर्जा आत्मनिर्भरता की नई मिसाल बनकर उभर रही है। केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से संचालित यह योजना न केवल आम उपभोक्ताओं की बिजली पर निर्भरता घटा रही है, बल्कि हर घर में हरित ऊर्जा का संचार कर रही है।

■ पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का मिल रहा लाभ

राज्य सरकार की अतिरिक्त सब्सिडी ने सोलर पैनल लगवाना और भी किफायती बना दिया है। इसी योजना से प्रेरित होकर पत्थलगांव निवासी सुभाष मिंज, जो एलआईसी में कार्यरत थे और कुछ वर्ष पूर्व सेवानिवृत्त हुए हैं, ने अपने मकान की छत पर 3 केवीए क्षमता वाला सोलर रूफटॉप सिस्टम स्थापित किया है। उन्होंने बताया कि इस सिस्टम को लगाने में कुल लगभग 2 लाख रूपए की लागत आई, जिसमें से उन्हें केंद्र सरकार से 78,000 रूपए की सब्सिडी सीधे बैंक खाते में प्राप्त हुई, जिससे आर्थिक बोझ में बड़ी राहत मिली। मिंज बताते हैं कि सोलर सिस्टम लगने से पहले उनका मासिक बिजली बिल 700 रूपए से 800 रूपए के बीच आता था, जबकि अब उनका बिल लगभग शून्य हो गया है। उन्होंने बताया — "जून से सोलर पैनल चालू हुआ है, तब से बिजली बिल नहीं आ रहा। सूर्य की किरणों से उत्पन्न बिजली न केवल पर्यावरण के लिए फायदेमंद है, बल्कि इससे हमारी बचत भी लगातार बढ़ रही है।प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ने मिंज जैसे नागरिकों को बिजली उपभोक्ता से उत्पादक बनने की दिशा में अग्रसर किया है। यह पहल छत्तीसगढ़ में ऊर्जा आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है।


---

## राउरकेला एयरपोर्ट से उड़ाने बंद हवाई सेवा का सपना धराशायी

**राउरकेला।** ओडिशा के स्टील सिटी व स्मार्ट सिटी के रूप में प्रसिद्ध राउरकेला में हवाई सेवा का सपना पूरी तरह से धराशायी होता नजर आ रहा है। राउरकेला से भुवनेश्वर और कोलकाता रूट की उड़ाने न केवल निलंबित कर दी गई है बल्कि कर्मचारियों और फ्लाइट इंजीनियरों के तबादले से यह स्पष्ट संकेत मिल रहा है कि विमान सेवा हमेशा के लिए बंद हो सकता है। कहीं ना कहीं राउरकेला हवाई अड्डा राजनीति के भेंट चढ़ गया है। एक तरफ जहां प्रधानमंत्री उड़ान योजना का प्रचार कर रहे हैं तो दूसरी तरफ राउरकेला एयरपोर्ट पर उड़ाने ग्राउंडेड हो गई हैं। हास्यास्पद है कि सरकार के वादे हवा में उड़ते हैं लेकिन विमान जमीन पर ही अटके रहते हैं। घटनाक्रम को तथ्यात्मक रूप से देखें तो कहानी और भी दिलचस्प है। राउरकेला एयरपोर्ट जो स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड की संपत्ति है को क्षेत्रीय कनेक्टिविटी स्कीम उड़ान के तहत विकसित किया गया था। अप्रैल 2018 में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के बीच पहला एमओयु हस्ताक्षरित हुआ जो 3 वर्ष का था और 2021 में समाप्त हुआ। इसके बाद हॉकी वर्ल्ड कप 2023 की तैयारी में 28 अक्टूबर 2022 को नया ओएन्ड एम अनुबंध हुआ जिसकी अवधि 27 अक्टूबर 2025 में समाप्त होने जा रही है।

---

## कोयल नदी से अवैध बालू की तस्करी पुलिस ने तीन हाइवा को पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

कोयल नदी तट पर अवैध बालू तस्करी का खेल एक बार फिर बेनकाब हुआ है। बताया जा रहा है कि राउरकेला के बिश्रा थाना क्षेत्र के तेतरकेला इलाके से लंबे समय से बालू की चोरी कर ट्रकों में भरकर झारखंड और राउरकेला के विभिन्न हिस्सों में भेजी जा रही थी। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह तस्करी कुछ प्रभावशाली लोगों और अधिकारियों की मिलीभगत से बेधड़क चल रही थी।

आरोप है कि खनन विभाग और बिसरा पुलिस को लगातार शिकायतें मिलने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। आखिरकार बंडामुंडा पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए कार्रवाई की और तीन अवैध बालू लदे हाइवा ट्रकों को जब्त कर लिया। पुलिस ने वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

---

## बांसउरकुली स्कूल में सामाजिक अंकेक्षण



**बिलाईगढ़।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय बांसउरकुली में सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम टीम प्रमुख विद्याभूषण बांसवार प्रधानपाठक शास प्राथमिक शाला नवापारा की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, छात्र हितैषी योजनाओं एवं मध्याह्न भोजन जैसी सरकारी योजनाओं की पारदर्शिता और गुणवत्ता का मूल्यांकन करना था। कार्यक्रम में अभिभावकों, पंचायत प्रतिनिधियों, एसएमसी सदस्यों, शिक्षकों तथा ग्रामवासियों की सक्रिय भागीदारी रही। विद्यालय प्रमुख विनोद कुमार डडसेना द्वारा वर्षभर की उपलब्धियों एवं खर्चों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। उपस्थित अभिभावकों ने अपने सुझाव एवं विचार साझा किए। कार्यक्रम में पारदर्शिता, जवाबदेही और सामुदायिक सहभागिता को विद्यालय विकास का आधार बताते हुए शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानपाठक विनोद कुमार डडसेना ने किया।

---

## ठेका श्रमिकों को दीपावली के पहले बोनस दिया जाए : अध्यक्ष

**कुड़ेकेला।** संयुक्त कोयला मजदूर संघ इंटक के अध्यक्ष जनक राम पाटिल सेक्रेटरी रामायण कुलदीप ने रायगढ़ क्षेत्र के सभी ठेका श्रमिकों को दीपावली पूर्व बोनस भुगतान किए जाने के संदर्भ में अधिकारियों को पत्र लिखा है। इस विषय में उन्होंने उल्लेख किया है कि रायगढ़ क्षेत्र के सभी उपक्षेत्रों में ठेका श्रमिक कार्यरत हैं, उनको 25 सितंबर को सीआईएल के लिए गए निर्णय के अनुसार खनन गतिविधियों में लगे ठेकेदारों के श्रमिकों को भुगतान पीआईएल योजना के अनुसार किया जाए। जोकि 26 अक्टूबर 2024 के आदेश संख्या सीआईएल सी 5बी जेबीसीसीआई एचपीसी एक्सग्रेशिया 275 के तहत परिचालित है। उन ठेकदारों के श्रमिकों को जो खनन गितिविधयों में संलग्न नहीं हैं बोनस भुगतान आधिनयम 1965 के प्रासंगिक प्रावधानों के अनुसार बोनस का भुगतान किया जाय। रायगढ क्षेत्र में कार्यरत समस्त ठेका श्रमिकों को दीपावली पूर्व बोनस का भुगतान किया जाए।

---

## जर्जर सड़क को लेकर शुरू हुई मौन, भूख हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले के कोयलांचल क्षेत्र में जर्जर सड़कों से परेशान ग्रामीणों की समस्या का समाधान अब तक नहीं हो पाया है। बार-बार ज्ञापन और आंदोलनों के बावजूद प्रशासन के आश्वासन केवल कागजों तक सीमित रह गए हैं। इसी के खिलाफ ओबीसी महासभा के संभाग उपाध्यक्ष चैतुराम साहू ने सोमवार दोपहर से मरते दम तक मौन भूख हड़ताल शुरू कर दिया है। श्री साहू ने बताया कि कोयला परिवहन के कारण छाल क्षेत्र की सड़कों की हालत बेहद खराब हो चुकी है। ऐडु पुल से छाल-घरघोड़ा चौक, थानापारा, धूल चौक से नवापारा तक की सड़क लंबे समय से जर्जर है। स्कूली बच्चों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। भारी वाहनों से आए दिन जाम की स्थिति बनती है। बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से हादसों का खतरा और बढ़ गया है। उन्होंने याद दिलाया कि 12 जुलाई को तहसीलदार ने लिखित आश्वासन दिया था कि वर्षाकाल के बाद सड़क निर्माण कार्य शुरू होगा और गड्ढों की मरम्मत होती रहेगी, लेकिन आज तक न तो मरम्मत का काम हुआ और न ही सड़क निर्माण शुरू हो सका।

छत्तीसगढ़ का सर्वप्रथम
लेसर फेशियल
कम दरों में
चेहरे की झुर्रियां, दाग-धब्बे से छुटकारा पाएं, चेहरे में चमक लायें
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com



स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411